# झीरम हत्याकांड में शामिल हार्डकोर महिला नक्सली गिरफ्तार

सुकमा-रायपुर । आरएनएस

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में नक्सली मोर्चे पर तैनात जवानों ने एक हार्डकोर महिला नक्सली को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार महिला नक्सली 2013 में हुए झीरम नक्सली हमले और सैकड़ों जवानों व आम लोगों की हत्या में शामिल रही है. इसलिए छत्तीसगढ़ सरकार ने गिरफ्तार महिला नक्सली पर 5 लाख रुपये का ईनाम घोषित किया था। झीरम हमले में शामिल महिला नक्सली गिरफ्तार : सुकमा एएसपी निखिल राखेचा ने बताया, 10 अगस्त को थाना गादीरास से जिला बल की पार्टी को नक्सलियों के खिलाफ विशेष अभियान के लिए एटपाल और मनकापाल क्षेत्र में रवाना किया गया था. सर्चिंग अभियान के दौरान दोनों गांव के बीच पुल के पास एक संदिग्ध महिला दिखी. जिसे पुलिस ने रोका और पूछताछ किया.



महिला के पास भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री मिला. पूछताछ में महिला ने नक्सल संगठन में काम करना स्वीकार किया। टिफिन बम सहित विस्फोटक सामग्री जब्त : पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार महिला नक्सली के कब्जे से 5 किलो वजनी 1 टिफिन बम, 4 नग डेटोनेटर, 4 नग जिलेटिन रॉड, 10 मीटर इलेक्ट्रिक वायर, 2 मीटर कोडेक्स वायर, 05 नग टार्च बैटरी व अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया गया. यह विस्फोटक सामग्री पुलिस पार्टी पर हमला करने की नीयत से अपयोग किया जा रही थी।

**इन घटनाओं में रही शामिल :**

2011-12 में बस्तर जिले के नक्सली हमले में शामिल थी, 04 जवान शहीद।

2012 में डिलमिली में डामर प्लांट व क्रेशर प्लांट आगजनी की घटना में शामिल।

2013 में कांग्रेस के परिवर्तन यात्रा के दौरान झीरम घाटी हमले में शामिल थी. झीरम हमले में कांग्रेसी नेता और जवान सहित 32 लोगों की मौत हुई थी।

2014 में टाहकवाड़ा घटना में शामिल थी. 15 जवान और 1 नागरिक की मौत।

2016 में मैलावाड़ा घटना में शामिल थी. 9 जवान शहीद.

2017 में बुरकापाल घटना में शामिल थी. 25 जवान शहीद और 5 जवान घायल हुए थे।

2018 में दंतेवाड़ा मद्दाड़ी आईईडी ब्लास्ट घटना में शामिल थी. 7 जवान शहीद और 5 हथियार लुटे गए।

2018 में अरनपुर घटना में शामिल थी. 1 पत्रकार व 2 जवान शहीद.

2019 में दंतेवाड़ा आईईडी ब्लास्ट घटना में शामिल थी. विधायक सहित 4 जवान शहीद।

2020 में मीनपा घटना में शामिल थी. 17 जवान शहीद और 15 जवान घायल हुए।

इसके साथ ही गिरफ्तार महिला नक्सली माड़वी देवे कई अन्य नक्सली घटनाओं में भी शामिल रही है. इनमें हत्या, लूटपाट, आगजनी, आईईडी ब्लास्ट, फायरिंग जैसे घटनाएं शामिल है।

## छत्तीसगढ़ में पांव पसार रहा स्वाइन फ्लू

**बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर स्थित अपोलो हॉस्पिटल में एक और स्वाइन फ्लू मरीज की मौत होने की खबर सामने आई है. मृतक 66 वर्षीय बुजुर्ग मरीज बिलासपुर शहर से लगे मंगला क्षेत्र का रहने वाला था. पिछले कुछ दिनों से बुजुर्ग का अपोलो अस्पताल बिलासपुर में इलाज चल रहा था, लेकिन शनिवार रात बुजुर्ग की मौत हो गई. छत्तीसगढ़ में इस साल स्वाइन फ्लू से यह तीसरी मौत हुई है। इलाज के दौरान स्वाइन फ्लू मरीज की मौत : जानकारी के मुताबिक, मंगला क्षेत्र के रहने वाले 65 वर्षीय एक बुजुर्ग कुछ दिनों से बीमार चल रहा था. उन्हें सांस लेने में परेशानी हो रही थी. टेस्ट में स्वाइन फ्लू पॉजिटिव आने के बाद उन्हें बिलासपुर के अपोलो अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था. इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई। प्रदेश में स्वाइन फ्लू से तीसरी मौत : बिलासपुर स्थित अपोलो हॉस्पिटल में ही शुक्रवार 9 अगस्त 2024 को स्वाइन फ्लू के दो मरीजों की मौत हो गई थी. मृतक दोनों महिलाओं में से एक मरीज कोरिया और दूसरी जांजगीर की रहने वाली थी। अलर्ट मोड पर स्वास्थ्य विभाग : स्वाइन फ्लू से तीसरी मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है. स्वास्थ्य विभाग की टीम मृतकों के मुहल्ले में घर-घर सर्वे कर सर्दी-जुकाम, बुखार व खांसी के मरीजों की जांच कर रही है. डॉक्टरों ने सुरक्षा के लिए लोगों को मास्क का उपयोग करने के लिए कहा है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कलेक्टर धर्मेश साहू ने जनदर्शन में नागरिकों क़े आवेदन पर अधिकारियों को कार्यवाही क़े निर्देश दिए

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर धर्मेश साहू ने जनदर्शन में नागरिकों क़े मांग और शिकायत सुनकर उस पर कार्यवाही क़े लिए संबंधित अधिकारियो को निर्देशित किया है। कलेक्टर को मिले आवेदनो में, अतिक्रमण कर किए गए निर्माण पर कार्यवाही, नया पेंशन चालू करने, वृद्धा पेंशन को पुनः चालू कराने,धान बोनस की राशि में खातेदार से बटवारा दिलाने, किसानों पर फर्जी खाद बीज चढ़ाने पर समिति क़े संबंधित कर्मी क़े विरुद्ध कार्रवाई करने, राशन कार्ड बनाने, पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, हॉस्टल अधीक्षिका को मूल पद में वापस करने, ग्राम भिनोदा में टंकी निर्माण ठेकेदार द्वारा गली का मरम्मत नहीं करने पर कार्यवाही, बेटे द्वारा पिता को घर से निकालने और बेदखल क़े विरुद्ध कार्यवाही, गांव वालों क़े द्वारा तालाब में जाने वाले पानी को रोककर आवेदक क़े घर की ओर करने पर कार्यवाही, बोर खनन करने, पीएम आवास और शौचालय की राशि क़े गबन करने वाले कर्मियों पर कार्यवाही, बिजली तार क़े नीचे जाली लगाने क़े संबंध में आवेदन प्राप्त हुए हैं।

### बाइक सवार आपस में भिड़े : एक की मौत

**बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में दो बाइक के बीच जोरदार भिड़त हो गई। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को इलाज के लिए सिम्स अस्पातल ले जा रहे थे। तभी रास्ते में ही एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो लोगों का सिम्स अस्पातल में भर्ती कराया गया,जहां उनका इलाज चल रहा हैं। मामला सीपत थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, यह हादसा नयनतारा कॉलेज के पास हुआ है। बताया जा रहा है कि, बीती रात को अमलीपारा में रहने वाले रामलाल सूर्यवंशी, अश्वनी सूर्यवंशी और सुशीला बाई बिलासपुर से अपने घर की लौट रहे थे। तभी नयनतारा कॉलेज के पास दूसरी ओर से आ रही बाइक से उनकी आमने- सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में बिटकुला हरदुली निवासी दीपेश सूर्यवंशी की मौके पर ही मौत हो जाती है। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का सिम्स में चल रहा इलाज : इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को इलाज के लिए सिम्स अस्पातल ले जा रहे थे। तभी रास्ते में ही रामलाल सूर्यवंशी की मौत हो गई। वहीं दो लोगों का सिम्स अस्पातल में भर्ती कराया गया,जहां उनका इलाज चल रहा हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ट्रेलर की टक्कर से कार सवार युवक की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम अमेठी डबरा के पास ट्रेलर वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को टक्कर मार दिया। जिससे कार सवार युवक की मौत हो गई। मामले में आरंग पुलिस ने आरोपी ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक मुकेश चंद्राकर 36 वर्ष पुरानी बस्ती का रहने वाला था। बताया जाता है कि मृतक मुकेश अपनी दोस्त विजय वर्मा के साथ कार क्रमांक सीजी 04 एचए 5804 से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम अमेठी डबरा के पास ट्रेलर क्रमांक यूपी 62 बीटी 8284 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को टक्कर मार दिया। जिससे कार सवार युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 5 गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने बंधवा तालाब के पास सरेआम शराब पीते आरोपी सुरेश वर्मा 40 वर्ष, यशवंत वर्मा 38 वर्ष व राजू वर्मा 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# देश के संस्कार, संस्कृति और गौरव को जानने के लिए किताबे पढ़ने का सांसद बृजमोहन अग्रवाल का नई पीढ़ी को आवाहन

रायपुर । आरएनएस

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के तहत राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन के द्वारा सार्वजनिक पुस्तकालय कर्मियों के लिए 46वां क्षमता निर्माण कार्यक्रम पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में शुरू हुआ है। इसका औपचारिक उद्घाटन आज सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा किया गया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद अग्रवाल ने किताबे जीवन का आधार है, प्रमाण है बताते हुए, नई पीढी को देश के संस्कार, संस्कृति और गौरव को जानने के लिए किताबे पढऩे का आवाहन किया। छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल के सार्वजनिक पुस्तकालय पेशेवरों ने इस क्षमता निर्माण कार्यक्रम भाग लिया।

अपनी पुरानी स्मृतियों को याद करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने, किताबों की अहमियत और जरूरतों पर विस्तार से बताया, सांसद ने कहां कि अब तो संसद पेपर लेस हो गई है लेकिन आज भी पढऩे की आदत के कारण कठिनाई होती है, हालांकि प्रिंटेड किताबे प्रमाण होती है क्यों कि आईटी में काट छांट किया जा सकता है लेकिन किताबे एक बार पब्लिश हो जाए तो वो एक सशक्त आधार बन जाती है, आज भी इतिहास को तोडऩे मरोडऩे की कोशिश हो रही है, लेकिन लाइब्रेरी के पुस्तको ने ऐसे इतिहासकारों को आइना दिखाया है और भारत का समृद्ध इतिहास इसी पुस्तकालय और पुस्तको की वजह से संरक्षित है। बुक्स का महत्व कभी समाप्त नही होगा, इतिहास बनेगा तो लिखित माध्यम की वजह से ही बनेगा। इसलिए ज्यादा से ज्यादा कोशिश करे कि पुस्तके पढ़े, और ज्ञान को बढ़ाए।

प्रारंभिक भाषण मे राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन के के परियोजना अधिकारी दीपांजन चटर्जी ने कहा कि क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन के तहत घटकों में से एक है। उन्होंने बताया कि अब तक देश के विभिन्न भागों में 45 राष्ट्रव्यापी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं और 1900 से अधिक पेशेवरों को पुस्तकालय स्वचालन सॉफ्टवेयर, गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे, संसाधनों, अद्यतन आईसीटी उपकरणों और तकनीकों, उभरते रुझानों, पुस्तकालय संसाधनों के संरक्षण और संरक्षण आदि के लिए आधुनिक पुस्तकालय सेवाओं के प्रबंधन के संबंध में प्रशिक्षित किया गया है। राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन के अन्य घटकों में राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन आदर्श पुस्तकालयों की स्थापना, सार्वजनिक पुस्तकालयों का गुणात्मक और मात्रात्मक सर्वेक्षण और भारतीय राष्ट्रीय वर्चुअल लाइब्रेरी का निर्माण शामिल है, जिसे भारतीय संस्कृति पोर्टल के नाम से लॉन्च किया गया है। उन्होंने बताया कि एनएमएल मॉडल लाइब्रेरी योजना की स्थापना के तहत जिला पुस्तकालय, रायगढ़ को 87.00 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई है। एनएमएल अनुदान के लिए राज्य केंद्रीय पुस्तकालय के लिए 2 करोड़ 23 लाख रुपये और जिला पुस्तकालय के लिए 87 लाख रुपये का प्रावधान है।

## स्कूल शिक्षा विभाग ने सेजेस स्कूल से भारत माता चौक तक निकाली तिरंगा बाइक रैली



सारंगढ़ बिलाईगढ़

हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत सेजेस स्कूल सारंगढ़ से भारत माता चौक तक तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। डीईओ वर्षा बंसल, एसडीएम अनिकेत साहू, सीईओ जनपद संजू पटेल एवं जिले के समस्त संकुल शैक्षिक समन्यवयक सहित सेजेस सारंगढ़ क़े शिक्षक, स्कूल और कालेज क़े युवा बड़ी संख्या में शामिल थे सारंगढ़ में शिक्षकों की टोली हाथ में तिरंगा झंडा लिए भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि देशप्रेम के उल्लास, उमंग भरे नारों ने नागरिकों को देशप्रेम की भावना से सराबोर किया है।

## सारंगढ़ और कोसीर परियोजना क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका भर्ती का अंतिम प्रकाशन और नियुक्ति पत्र जारी

सारंगढ़ बिलाईगढ़

सारंगढ़ और कोसीर परियोजना क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका की भर्ती का अंतिम प्रकाशन और नियुक्ति पत्र जारी किया जा चुका है। इसके अनुसार एकीकृत बाल विकास परियोजना सारंगढ़ के ग्रामीण निकाय अंतर्गत आँगनबाड़ी केन्द्र बासीनबहरा, घौठला बड़े-2, खुर्सी-2, रोहिनापाली के कार्यकर्ता पद तथा आंगनबाडी केन्द्र बोईरडीह-1, जेवरा-1, छातादेई-2, सेमरापाली-1. चुरेला-2, साराडीह, मकरी, घौठला बडे-2, कान्दुरपाली, रेडा-4, खुर्सी-2, बरदरहा, जेवरा-2, बोईरडीह-2, दानसरा-3 एवं दुर्गापाली-2 में सहायिका पद हेतु अनंतिम मूल्यांकन पत्रक प्रकाशन उपरांत प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण मूल्यांकन समिति द्वारा किया जाकर अंतिम मूल्यांकन पत्रक तैयार किया गया है। इसी प्रकार एकीकृत बाल विकास परियोजना कोसीर अंतर्गत ऑगनबाड़ी केन्द्र सिलादेई के कार्यकर्ता पद तथा आंगनबाड़ी केन्द्र खैरा बडे, अण्डोला-3. जशपुर-3, कोतरी-2, कोतरी-3, खैरा छोटे-3, मचलाडीह एवं भांठागांव-2 सहायिका पद हेतु अनंतिम मूल्यांकन पत्रक प्रकाशन उपरांत प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण मूल्यांकन समिति द्वारा किया जाकर अंतिम मूल्यांकन पत्रक तैयार किया गया है। इन दोनों सारंगढ़ और कोसीर परियोजना क्षेत्र में अंतिम मूल्यांकन पत्रक में प्रथम वरीयता प्राप्त आवेदिकाओं को नियुक्ति आदेश जारी किया गया है।

## छत्तीसगढ़-ओडिशा इंटर स्टेट बॉर्डर मीटिंग: अवैध तस्करी पर लगाम लगाने के लिए चार जिलों के एसपी की हुई वर्चुअल बैठक, संयुक्त कार्यवाई पर जोर

रायगढ़

छत्तीसगढ़ और ओडिशा के सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधीक्षकों ने आज वर्चुअल मीटिंग कर अवैध आर्म्स, मादक पदार्थो, और पशु तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए महत्वपूर्ण रणनीतियों पर चर्चा की। इस बैठक में रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छत्तीसगढ़) और झारसुगुड़ा, सुंदरगढ़, बरगढ़ (ओडिशा) के पुलिस अधीक्षक शामिल हुए।



मीटिंग का मुख्य एजेंडा दोनों राज्यों में अवैध तस्करी के मूल स्रोतों का पता लगाना और उन पर इंड-टू-इंड प्रभावी कार्रवाई करना था। बैठक में यह सहमति बनी कि मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए दोनों राज्यों के थानों के बीच गोपनीय जानकारी साझा की जाएगी। तस्करों के नेटवर्क को ध्वस्त करने और बड़े तस्करों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने पर भी विशेष जोर दिया गया।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में नियमित गश्त, वाहन चेकिंग, और मुखबिर तंत्र को मजबूत किया जाएगा। इसके साथ ही, संदिग्ध निर्माण और भंडारण स्थानों पर छापेमारी और तलाशी अभियान तेज किए जाएंगे। अधिकारियों ने समय-समय पर अंतरराज्यीय बॉर्डर मीटिंग आयोजित करने और इस संबंध में रणनीति तैयार कर उसे लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस वर्चुअल बैठक में एसपी रायगढ़ दिव्यांग कुमार पटेल, एसपी सुंदरगढ़ मुकेश कुमार, एसपी बरगढ़ प्रहलाद सहाय मीना, एसपी झारसुगुड़ा परमार स्मिथ, एसपी सारंगढ़-बिलाईगढ़ पुष्कर शर्मा के साथ संबंधित जिलों के एसडीओपी और थाना प्रभारी भी शामिल हुए।

## घरघोड़ा पुलिस ने लापता बालिका को दस्तयाब कर नाबालिग को भगा ले जाने वाला युवक को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर घरघोड़ा पुलिस महिला संबंधी अपराधों को लेकर गंभीरता से काम कर रही है, हाल ही में एक नाबालिग लड़की के अपहरण और शारीरिक शोषण के मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी सुमित सोनवानी को गिरफ्तार किया। घरघोड़ा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के अपहरण और शारीरिक शोषण का मामला सामने आया है। 6 अगस्त 2024 को एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसकी बेटी 5 अगस्त 2024 को स्कूल गई थी, लेकिन घर वापस नहीं लौटी। परिवार ने काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। घरवालों को शक था कि सुमित सोनवानी, निवासी झरियापाली, उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।

पुलिस ने अपराध क्र. 229/2024 धारा 137(2) बी.एन.एस. का मामला दर्ज कर जांच शुरू की और 7 अगस्त 2024 को नाबालिग को बरामद किया। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि सुमित सोनवानी ने शादी का झांसा देकर उसे अपने घर ले गया और जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इस खुलासे के बाद पुलिस ने मामले में धारा 87, 64, 65 बी.एन.एस. और 4, 6 पॉक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ीं। पीड़िता का बयान माननीय न्यायालय में दर्ज कराया गया और बाल कल्याण समिति से काउंसलिंग कराई गई।

घरघोड़ा पुलिस ने आरोपी सुमित कुमार सोनवानी, पिता पुनाउराम सोनवानी (25 वर्ष), को पुलिस ने हिरासत में लिया और उसका उपयोग किया गया हीरो एच.एफ. डिलक्स मोटरसाइकिल (क्र. सीजी-13-ए.आर-9607) भी जब्त कर ली गई। आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस की यह त्वरित कार्रवाई महिला अपराधों के प्रति उनकी गंभीरता को दर्शाती है, जिससे जनता में सुरक्षा की भावना मजबूत हो रही है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## 125 लोगों की विशेषज्ञ डॉक्टरों ने की जांच : मुफ्त दवाएं, खून, ब्लडप्रेशर, ईसीजी और आंखों की हुई जांच

❑ महावीर नगर में नियमित रुप से संचलित हो रही है क्लीनिक

रायपुर । आरएनएस



छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन व्दारा आज शासकीय स्कूल पुरैना में ग्राम वासियों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। एसोसियेशन के संयोजक जी.एस. बॉम्बरा के अनुसार शिविर में लगभग 125 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसमें मुख्य रुप से सर्दी जुकाम,खांसी, कंजक्टिवाईटिस, पीठ और जोड़ों के दर्द, हृदय रोग, स्त्री रोगों तथा नेत्र रोगों की जांच की गई। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों के मधुमेह रोग और ब्लड प्रेशर की जांच की गई। लगभग 25 मरीजों की ईसीजी भी की गई। छत्तीसगढ़ के प्रसिध्द नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.आनंद सक्सेना की नेत्र जांच की मोबाईल यूनिट एम्बुलेंस में भी कई मरीजों के आंखों की जांच की गई। इस मौके पर रोगिय़ों को 5 दिन की दवाईयां दी गई। जांच कराने पहुंचे लोगों ने बताया कि पहले भी एसोसियेशन व्दारा यहां लोगों की जांच के लिए शिविर लगाया था।

ग्राम पुरैना सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने जांच शिविर में अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। इस अवसर पर एसोसियेशन के मेडिकल कमेटी के प्रमुख हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह छाबड़ा, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जीनेश जैन, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सत्यन सोनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. रूही जैन, नेत्र रोग विशेषज्ञ रेशम कुलदीप तथा एक्युप्रेशर थैरेपिस्ट राजपाल सिंह ने अपनी सेवाएं दी। एसोसियेशन के पदाधिकारियों ने उपस्थित डॉक्टरों के सेवाभावी कार्य के लिए समय देने के लिए प्रशंसा करते हुए उन्हें एप्रिसियेशन पत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन के अध्यक्ष एच.एस. धींगरा, सचिव बी.एस. सलूजा, दीप सिंह जब्बल, ए.एस. प्लाहा, प्रोफेसर बी.एस. छाबड़ा, जगदीश सिंह जब्बल, लखिन्दर सिंह चावला, अजीत सिंह राजपाल, सुखबीर सिंह सिंघोत्रा,भूपिन्दर सिंह खालसा, रविन्द्र कौर बॉम्बरा, पिंकी जब्बल, हरमिन्दर कौर सलूजा, हरप्रीत कौर धींगरा उपस्थित थी। उल्लेखनीय है कि महावीर नगर गुरुव्दारा में एसोसियेशन व्दारा नियमित रुप से चलाई जा रही क्लीनिक में भी डॉक्टर परामर्श हेतु उपलब्ध रहते है। इसी प्रकार एसोसियेशन व्दारा संचालित मेडिकल स्टोर में कम कीमत की जेनेरिक दवाएं भी उपलब्ध है। एसोसियेशन की क्लीनिक में मेडिसीन, हड्डी रोग, स्त्री रोग विशेषज्ञ तथा एक्युप्रेशर चिकित्सा भी नियमित रुप से उपलब्ध है। कोई भी जरुरतमंद वहां आ कर डॉक्टरों से अपने स्वास्थ्य की जांच करा सकता है।